- **अनुच्छेद 361 - राज्यपाल की उन्मुक्तियाँ एवं विशेषाधिकार**

1. राज्यपाल को अपने शासकीय कृत्यों के लिए विधिक दायित्व से उन्मुक्ति प्राप्त होती है।
2. राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान न्यायालय में आपराधिक कार्यवाही पर सुनवाई नहीं की जा सकती।
3. राज्यपाल को उसके कार्यकाल के दौरान गिरफ्तार करके कारागार में नहीं डाला जा सकता।
4. राज्यपाल को दो महीने के नोटिस पर व्यक्तिगत क्रियाकलापों पर उनके विरुद्ध नागरिक कानून संबंधी कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है।

राज्यपाल की कार्यकारी शक्तियां



- राज्य सरकार के सभी कार्यकारी कार्य औपचारिक रूप से राज्यपाल के नाम पर होते हैं।
- राज्यपाल इस संबंध में भी नियम बना सकता है कि उसके नाम से बनाये गए आदेश और अन्य प्रपत्र कैसे प्रमाणित होंगे।
- वह राज्य सरकार के कार्य और मंत्रियों को कार्य का आबंटन सुविधाजनक हो इसके लिए नियम बना सकता है।
- वह मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है एवं सभी मंत्री राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद धारण करते हैं।
- उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड व मध्यप्रदेश में राज्यपाल, जनजाति कल्याण मंत्री की भी नियुक्ति करता है।
- राज्यपाल, राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है और उसका वेतन भत्ते तय करता है तथा महाधिवक्ता का पद राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त तक होता है।



अभयास प्रश्न

1. राजस्थान के राज्यपाल और उनके द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाए हुए मुख्यमंत्री के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए :
(a) जोगिन्दर सिंह - हरिदेव जोशी
(b) रघुकुल तिलक - भैरोंसिंह शेखावत
(c) ओ.पी. मेहरा - हीरालाल देवपुरा
(d) संपूर्णानंद - मोहनलाल सुखाड़िया **[d]**

2. निम्नलिखित में से किसकी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा नहीं की जाती है?
(a) राज्य का महाधिवक्ता
(b) राज्य का लोकायुक्त
(c) राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष
(d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश **[d]**

3. राज्यपाल के विशेष अभिभाषण का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(a) अनुच्छेद 176 (b) अनुच्छेद 166
(c) अनुच्छेद 174 (d) अनुच्छेद 175 **[a]**

4. विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग करते समय राज्यपाल किसके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करता है?
(a) राज्य विधानमंडल (b) संघीय सरकार
(c) राज्य की जनता (d) मंत्रिपरिषद् **[b]**

5. राजस्थान में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया?
(a) 4
(b) 5
(c) 2
(d) 3 **[a]**

6. जब राजस्थान में पहली बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया, यहाँ राज्यपाल कौन थे?
(a) सरदार जोगेन्द्र सिंह
(b) श्री संपूर्णानंद
(c) सरदार गुरमुख निहाल सिंह
(d) सरदार हुकुम सिंह **[b]**

7. निम्न में से कौन-सा कथन राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में असत्य है?
(a) राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों से लिये गये निर्णयों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
(b) राज्यपाल को मृत्युदंड के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान की शक्ति प्राप्त नहीं है।
(c) राज्यपाल को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिये राज्यपाल सचिवालय कार्यरत है।
(d) राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है। **[d]**

8. भारत में राज्यों के राज्यपाल के पद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) किसी राज्य के राज्यपाल का चुनाव राज्य विधानमंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
(b) राज्यपाल संसद के किसी भी सदन या किसी राज्य के विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं होंगे।
(c) राज्यपाल छह वर्ष की अवधि के लिए पद पर रहेंगे।
(d) भारत का कोई भी नागरिक जिसने 30 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, राज्यपाल नियुक्त होने के लिए पात्र है। **[b]**

9. राज्यपाल को केवल उन मामलों को छोड़कर जिनमें राज्यपाल अपने विवेक से कार्य करते हैं. उनके कार्यों के निष्पादन में सहायता और सलाह देने वाली मंत्रिपरिषद का प्रमुख कौन होता है?
(a) जिला कलेक्टर (b) गृह मंत्री
(c) मुख्यमंत्री (d) राज्य वित्त मंत्री **[c]**

10. निम्नलिखित में से कौन-सी राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता नहीं है?
(a) भारत का नागरिक होना चाहिए
(b) लोकसभा का सदस्य होना चाहिए
(c) न्यूनतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए
(d) राज्यसभा का सदस्य नहीं हो सकता **[b]**

11. राज्य का राज्यपाल राज्य के मंत्रिपरिषद की नियुक्ति किसकी सलाह पर करता है?
(a) मुख्यमंत्री
(b) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(c) केन्द्रीय गृह मंत्री
(d) जिला कलेक्टर **[a]**

12. राजप्रमुख की संस्था के समाप्त होने के बाद राजस्थान के पहले राज्यपाल कौन बने?
(a) गुरुमुख निहाल सिंह (b) महाराज मान सिंह द्वितीय
(c) रघुकुल तिलक (d) श्री बलि राम भगत **[c]**

13. राज्य का राज्यपाल अन्य मंत्रियों की नियुक्ति किसके परामर्श पर करते हैं?
(a) अध्यक्ष (b) उच्च न्यायालय
(c) मुख्यमंत्री (d) प्रधान मंत्री **[c]**

14. राज्यपाल द्वारा जारी किया गया अध्यादेश, राज्य विधानमंडल के पुनः सत्रारंभ के बाद, अधिकतम कितने समय तक प्रभावी रहता है?
(a) 18 सप्ताह (b) 6 सप्ताह
(c) 24 सप्ताह (d) 20 सप्ताह **[b]**

15. राजस्थान के राज्यपाल को पहचानिए, जिनकी पदावधि में राष्ट्रपति शासन लगाने और हटाने की उद्घोषणा जारी की गईं :
(a) सम्पूर्णानंद
(b) रघुकुल तिलक
(c) एम. चेन्ना रेड्डी
(d) वेदपाल त्यागी **[b]**

स्थिति एवं विस्तार

01

41 जिलों व 7 संभागों सहित राजस्थान का मानचित्र



राजस्थान का नामकरण

राजस्थानादित्य -

- राजस्थान के लिए यह शब्द **बसंतगढ शिलालेख (सिरोही)** से विक्रम संवत **682 या 625 ई.** में प्राप्त हुआ।
- यह शिलालेख **चावड़ा वंश** के राजा **वर्मलात** के द्वारा उत्कीर्ण करवाया गया था।

मरूकान्तर -

- रामायण में **महर्षि वाल्मीकि** के द्वारा राजस्थान के लिए **"मरूकान्तर"** शब्द का प्रयोग किया था।

ब्रह्मवर्त -

- वैदिक काल में इसे **ब्रह्मवर्त** नाम से जाना जाता था।
- वैदिक काल में यहाँ पर **दृषद्वती या सरस्वती** नदी का प्रवाह होने का उल्लेख मिलता है।

राजपूताना -

- इस शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम **जॉर्ज थॉमस (आयरलैण्ड)** ने 1800वीं सदी में किया था। प्रारंभ में यह सब मौखिक रूप से दिया गया।
- **'विलियम फ्रेंकलिन'** ने अपनी पुस्तक **'मिलिट्री मेमॉयर्स ऑफ जॉर्ज थॉमस' (1805)** में राजपूताना शब्द का लिखित प्रमाण दिया है।

राजस्थान, रायथान, रजवाड़ा -

- 1829 ई. में **कर्नल जेम्स टॉड (इंग्लैंड)** द्वारा लिखित पुस्तक **'एनल्स एण्ड एंटीक्वीटीज ऑफ राजस्थान'** या **'द सेण्ट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट ऑफ इण्डिया'** में सर्वप्रथम राजस्थान के लिए इन शब्दों का प्रयोग किया।
- **गुरू का नाम - यतिज्ञानचंद्र**

कर्नल टॉड के उपनाम -

1. घोड़े वाला बाबा
2. राजपूताने के इतिहास का पितामह

- **कर्नल टॉड** ने सर्वप्रथम सामन्तवादी व्यवस्था पर टिप्पणी की।
- वर्तमान स्वरूप में **राजस्थान** शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग एकीकरण के **दूसरे चरण** (25 मार्च, 1948) में किया गया।
- अंतिम रूप से 26 जनवरी, 1950 को राजस्थान को संवैधानिक / कानूनी मान्यता प्रदान की गई।

नोट:- मुहणोत नैणसी व वीरभान नामक लेखकों ने भी अपनी पुस्तकों में **राजस्थान शब्द** का प्रयोग किया था, लेकिन इन्होनें यह स्पष्ट नहीं किया था कि यह शब्द किसके लिए दिया है।

राजस्थान का क्षेत्रफल

- राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे **बड़ा राज्य** है।
- यह देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित है।
- राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग (वायव्य कोण) में स्थित है। यह राज्य अक्षांशीय दृष्टि से उत्तरी गोलार्द्ध और देशांतर की दृष्टि से पूर्वी गोलार्द्ध में आता है। इसकी सीमाएँ पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा व उत्तर प्रदेश, दक्षिण-पूर्व में मध्यप्रदेश तथा दक्षिण-पश्चिम में गुजरात से लगती हैं।
- राजस्थान की आकृति T.H. हैण्डले के अनुसार विषमकोणीय चतुर्भुजाकार/पतंगाकार/रोहम्बस के समान है।
- विश्व में राजस्थान उत्तरी पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।



- इसका कुल क्षेत्रफल **3,42,239 वर्ग किलोमीटर** है, (**1,32,139 वर्ग मील**) जो भारत के कुल क्षेत्रफल का **10.41% या 1/10वाँ** भाग या **दसवाँ हिस्सा** है।
- विश्व के कुल क्षेत्रफल में राजस्थान का योगदान **0.25%** है।
- **1 नवम्बर, 2000** को मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य के अलग होने से राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य बना।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के पाँच बड़े राज्य क्रमशः राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश है।
- **राजस्थान के बाद मध्य प्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।**
  राजस्थान: 3,42,239 वर्ग किमी.
  मध्य प्रदेश: 3,08,245 वर्ग किमी.
  महाराष्ट्र: 3,07,713 वर्ग किमी.
  उत्तर प्रदेश: 2,40,928 वर्ग किमी.
- 5 नवम्बर, 2000 को बिहार से झारखण्ड अलग हुआ। 2 जून 2014 को आंध्रप्रदेश से तेलंगाना अलग हुआ, जो कि भारत का 29वाँ राज्य बना।

राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा है:-

राजस्थान का क्षेत्रफल बराबर है।	राजस्थान क्षेत्रफल में बड़ा है।
जापान, कांगो रिपब्लिक, फिनलैंड, जर्मनी, नार्वे एवं वियतनाम	इजराइल से 17 गुणा बेल्जियम से 11 गुणा
	श्रीलंका से 5 गुणा चेकोस्लोवाकिया से तीन गुणा
	स्वीट्जरलैण्ड से 8 गुणा ब्रिटेन से (1.5 /2 गुणा)

राजस्थान के क्षेत्रफल की दृष्टि से पाँच सबसे बड़े जिले -

क्र.सं.	जिला	क्षेत्रफल
1.	जैसलमेर	38401 वर्ग किमी.
2.	बीकानेर	30239 वर्ग किमी.
3.	बाड़मेर	28387 वर्ग किमी.
4.	जोधपुर	22850 वर्ग किमी.
5.	नागौर	17718 वर्ग किमी.

- **जैसलमेर** भारत का **तीसरा सबसे बड़ा जिला** है
  1. कच्छ (गुजरात) – 45,674 वर्ग किमी.
  2. लेह (लद्दाख) – 45,110 वर्ग किमी.
  3. जैसलमेर (राजस्थान) – 38,401 वर्ग किमी.
- **जैसलमेर** जिला राज्य के कुल क्षेत्रफल का **11.22%** है जबकि **धौलपुर** जिले से यह **12.66 गुना** बड़ा है।
- राजस्थान का **सिरोही** जिला क्षेत्रफल व जनसंख्या में लगभग समान प्रतिशत रखता है। **(क्षेत्रफल - 1.5%, जनसंख्या - 1.51%)**

राजस्थान के क्षेत्रफल की दृष्टि से पाँच सबसे छोटे जिले -

क्र.सं.	जिला	क्षेत्रफल
1.	धौलपुर	3033 वर्ग किमी
2.	दौसा	3432 वर्ग किमी
3.	डूंगरपुर	3770 वर्ग किमी
4.	प्रतापगढ़	4449 वर्ग किमी
5.	सवाई माधोपुर	4498 वर्ग किमी

- **धौलपुर** जिला राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का **0.8%** है।

नोट:- उक्त जिलों का क्षेत्रफल जिलो के पुनर्गठन से पहले की स्थिति के अनुसार है। नवीनतम आधिकारिक ऑकडे जारी नहीं हुए है।

राजस्थान की स्थिति एवं विस्तार

राजस्थान की ग्लोबीय स्थिति -

- **अक्षांशीय स्थिति -** अक्षांशीय दृष्टि से उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।
- **देशांतरीय स्थिति -** देशांतरीय दृष्टि से पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।
- ग्लोब या विश्व के मानचित्र में राजस्थान की स्थिति **उत्तर-पूर्व (ईशान कोण)** में है।
- भारत में राजस्थान **उत्तर-पश्चिम दिशा तथा वायव्य कोण** पर स्थित है।

राजस्थान का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार:-



अभ्यास प्रश्न

1. आज की दिनांक में राजस्थान विभाजित है:
(a) 7 संभाग और 41 जिलों में
(b) 7 संभाग और 43 जिलों में
(c) 10 संभाग और 43 जिलों में
(d) 10 संभाग और 33 जिलों में **[a]**

2. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य राजस्थान के उत्तर-पूर्व में स्थित है?
(a) पंजाब और मध्य प्रदेश
(b) हरियाणा और उत्तर प्रदेश
(c) गुजरात और उत्तर प्रदेश
(d) हरियाणा और गुजरात **[b]**

3. राजस्थान राज्य की पाकिस्तान के साथ पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय सीमा की लंबाई (किलोमीटर में) कितनी है?
(a) 1070 किलोमीटर
(b) 1250 किलोमीटर
(c) 1330 किलोमीटर
(d) 1970 किलोमीटर **[a]**

4. पाकिस्तान के साथ राजस्थान की पश्चिमी सीमा को ..... के नाम से जाना जाता है।
(a) डूरंड रेखा
(b) कालापानी
(c) रेडक्लिफ
(d) मैकमोहन रेखा **[c]**

5. राजस्थान की लम्बाई एवं चौड़ाई की दूरियों में कितना अन्तर (किलोमीटर में) है ?
(a) 45 कि.मी. (b) 42 कि.मी.
(c) 44 कि.मी. (d) 43 कि.मी. **[d]**

6. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(a) राजस्थान 69°30' से 78°17' पश्चिम देशान्तरों के मध्य स्थित है।
(b) कर्क रेखा राजस्थान के दो जिलों से होकर गुजरती है।
(c) राजस्थान, इटली, नॉर्वे, इंग्लैण्ड जैसे देशों से अधिक क्षेत्रीय विस्तार रखता है।
(d) राजस्थान के उत्तर-पूर्व में हरियाणा एवं पंजाब राज्य स्थित हैं। **[a]**

7. राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?
(a) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार अधिक है।
(b) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार कम है।
(c) इसकी कुल स्थल सीमा 6000 किमी. से कम है।
(d) इसका अक्षांशीय विस्तार 7 अक्षांश से कम नहीं है। **[b]**

8. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग कितना प्रतिशत है?
(a) 7.8 प्रतिशत (b) 10.4 प्रतिशत
(c) 14.1 प्रतिशत (d) 5.3 प्रतिशत **[b]**

9. राजस्थान का वह जिला जो पाकिस्तान के साथ सबसे छोटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है, है:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चुनाव करें:
(a) गंगानगर (b) जैसलमेर
(c) बाड़मेर (d) बीकानेर **[d]**

10. भारत का कौन-सा निम्नलिखित राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?
(a) पंजाब (b) उत्तर प्रदेश
(c) हरियाणा (d) महाराष्ट्र **[d]**

11. कर्क रेखा राजस्थान के निम्नलिखित में से किस भाग से होकर गुजरती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(a) उत्तरी सिरा (b) दक्षिणी सिरा
(c) मध्य भाग (d) पूर्वी सिरा **[b]**

12. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा स्थान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के सबसे करीब है?
(a) फलोदी (b) पोखरण
(c) तनोट (d) किशनगढ़ **[c]**

13. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा क्षेत्र हरियाणा से अपनी सीमा साझा नहीं करता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(a) हनुमानगढ़ (b) दौसा
(c) सीकर (d) अलवर **[b]**

14. राजस्थान की देशांतरीय सीमा कितनी है?
(a) 23°03' उत्तर से 30°12' उत्तर
(b) 69°30' पूर्व से 78°17' पूर्व
(c) 70°00' पूर्व से 80°00' पूर्व
(d) 68°07' पूर्व से 97°25' पूर्व **[b]**

15. राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा ज़िला कौन सा है? निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर **[b]**

16. राजस्थान में नए जिलों के निर्माण से संबंधित, निम्नलिखित में से कौनसा समूह समयानुक्रम के अनुसार सही है?
(a) राजसमंद, धौलपुर, करौली, प्रतापगढ़
(b) करौली, प्रतापगढ़, राजसमंद, धौलपुर
(c) धौलपुर, राजसमंद, करौली, प्रतापगढ़
(d) करौली, राजसमंद, प्रतापगढ़, धौलपुर **[c]**

17. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?
1. नार्वे
2. बेल्जियम
3. स्विट्जरलैण्ड
4. पोलैण्ड
कुटः-
(a) 1, 2, 4 (b) 1, 3
(c) 2, 4 (d) 1, 4 **[d]**

राज्य के विकास में उद्योग एवं हस्तशिल्प उद्योग की भूमिका 01

खनिज आधारित उद्योग

- सीमेंट उद्योग
- ताँबा उद्योग
- जस्ता उद्योग
- काँच उद्योग
- पत्थर उद्योग (मार्बल, ग्रेनाइट) अभ्रक उद्योग
- खनिज तेल और गैस
- राज्य में 81 विभिन्न प्रकार के खनिजों के भण्डार है, जिसमें से 58 खनिजों का खनन किया जा रहा है।
- 4 दिसम्बर 2024 को जारी राजस्थान खनिज नीति-2024 का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास के लिए राज्य के प्रचुर खनिज संसाधनों का लाभ उठाना है।
- **राजस्थान एकमात्र उत्पादक राज्य वाले खनिज :-**
  - सीसा-जस्ता अयस्क - सेलेनाइट
  - वोलास्टोनाइट
- **राजस्थान में लगभग सम्पूर्ण उत्पादन वाले खनिजः-**
  - चाँदी - केल्साइट
  - जिप्सम
- राजस्थान बॉल क्ले, फास्फोराइट, गेरु, स्टीटाइट, फेल्सफार एवं फायर क्ले के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पर है।
- इमारती पत्थर एवं सजावटी पत्थर यथा-सेण्डस्टोन, संगमरमर, ग्रेनाइट आदि के उत्पादन में भी प्रमुख स्थान है।
- भारत में सीमेंट ग्रेड व स्टील ग्रेड लाइम स्टोन का राज्य अग्रणी उत्पादक है।

उद्योग क्षेत्र	स्थिर कीमतों पर (2011-12)	प्रचलित कीमतों पर
उद्योग क्षेत्र का योगदान	2.33 लाख करोड़	4.26 लाख करोड़
उद्योग क्षेत्र का % योगदान	28.39%	27.16%
वृद्धि दर 2024-25	5.77%	7.88%
12 वर्षों का CAGR	4.22%	9.17%

सीमेंट उद्योग

भारत और राजस्थान में सीमेंट उद्योग का स्थान:

- **भारत** सीमेंट उत्पादन में **दुनिया का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक** (अमेरिका, चीन, जापान के बाद)।
- **राजस्थान** भारत में सीमेंट उत्पादन में **अग्रणी राज्य**।
- राजस्थान में पहला सीमेंट कारखाना **1915 में लाखेरी (बूँदी)** में क्लिक निक्सन कंपनी द्वारा स्थापित।
- एशिया का सबसे बड़ा सीमेंट कारखाना **1953 में सवाई माधोपुर** में स्थापित (वर्तमान में बंद)।
- भारत में **व्हाइट सीमेंट** का सबसे बड़ा उत्पादक **अल्ट्राटेक (बिरला व्हाइट)** और दूसरा स्थान **जे.के. सीमेंट** को।

प्रमुख सीमेंट उत्पादन केंद्र-

- **चित्तौड़गढ़, उदयपुर, निम्बाहेड़ा, कोटा, लाखेरी, ब्यावर, सेवारास (पाली), पिंडवाड़ा (सिरोही), गोटन (नागौर), खारिया खंगार (जोधपुर)**।
- मिनी सीमेंट प्लांट- **आबूरोड, नीमकाथाना, बाँसवाड़ा, हिण्डौन सिटी, कोटपूतली**।
- राजस्थान में कुल **24 वृहद सीमेंट प्लांट** कार्यरत, जिनसे **56 मिलियन टन+ वार्षिक उत्पादन**।
- चित्तौड़गढ़ राज्य का **सबसे बड़ा सीमेंट हब**।

राजस्थान में सफेद सीमेंट के कारखाने-

1. जे. के. व्हाइट सीमेंट, गोटन (नागौर) – 1984 में स्थापित (भारत का पहला सफेद सीमेंट संयंत्र)।
2. बिरला व्हाइट सीमेंट, भोपालगढ़ (जोधपुर)।
3. बिरला अल्ट्राटेक सीमेंट, खारिया खंगार (जोधपुर) ।

राजस्थान में सीमेंट उत्पादन(लाख टन)	
वर्ष	उत्पादन (लाख टन)
2010	99.78
2015	295.02
2019-20	267.94

राजस्थान में सीमेंट निर्माण के प्रमुख संयंत्र:

1. **ए.सी.सी. लि.** - लाखेरी (बूंदी)
2. **जयपुर उद्योग लि.** - सवाई माधोपुर (बंद पड़ा है)
3. **बिड़ला सीमेंट वर्क्स लि.** - चित्तौड़गढ़
4. **चित्तौड़गढ़ सीमेंट वर्क्स लि. (चेतक छाप)** - चंदेरिया, चित्तौड़गढ़
5. **बिरला मंगलम सीमेंट** - मोडक (कोटा)
6. **श्री सीमेंट लि. (श्रीछाप)** - ब्यावर
7. **जे.के. सीमेंट लि. (जे.के. छाप)** - निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़
8. **जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लि.** - जयकयपुरम, सिरोही
9. **स्ट्रा प्रोडक्टस** - बनास, सिरोही
10. **श्रीराम सीमेंट** - श्री रामनगर, (कोटा)
11. **बिड़ला व्हाइट सीमेंट** - गोटन (नागौर)
12. **हिन्दुस्तान सीमेंट** - उदयपुर
13. **राज श्री सीमेंट** - खारिया, मीरापुर (नागौर)
14. **अंबुजा सीमेंट** - राबरियावास (पाली)
15. **वंडर सीमेंट** - निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
16. **जे.के. लक्ष्मी सीमेंट II** - सिरोही
17. **इंडिया सीमेंट लि.** - नौखिया (बांसवाड़ा)
18. **अल्ट्राटेक सीमेंट** - सावा शंभुपुरा रोड (चित्तौड़गढ़)
19. **बिनानी सीमेंट** - सिरोही
20. **लाफार्ज सीमेंट** - भावलिया, निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
21. **मारवाड़ सीमेंट वर्क्स (अंबुजा सीमेंट)** - मूंडवा (नागौर)
22. **अल्ट्रा सीमेंट** - पिण्डवाड़ा, सिरोही

उच्चतम और न्यूनतम उत्पादन क्षमता वाले संयंत्र-

- **सर्वाधिक उत्पादन क्षमता**- जे.के. सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
- **न्यूनतम उत्पादन क्षमता**- श्री राम सीमेंट, कोटा (2 लाख टन)

राजस्थान के प्रमुख अन्य सीमेंट संयंत्र-

1. **जे.के. सीमेंट लि.**, निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
2. **अल्ट्राटेक अदित्य सीमेंट वर्क्स**
3. **जे.के. सीमेंट लि.**, मांगरोल (चित्तौड़गढ़)
4. **जे.के. सीमेंट लि.**, गोटन (नागौर)
5. **बिड़ला कॉर्पोरेशन लि.**, चंदेरिया (चित्तौड़गढ़) – 5 संयंत्र इकाइयाँ
6. **श्री सीमेंट लि.**, रास I & II (ब्यावर)
7. **श्री सीमेंट लि.**, खुशखेड़ा (खैरथल-तिजारा)
8. **श्री सीमेंट लि.**, सूरतगढ़ (गंगानगर)
9. **श्री सीमेंट लि.**, जोबनेर (जयपुर)
10. **वंडर सीमेंट संयंत्र II**, निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
11. **इंडिया सीमेंट लि.**, नौलखा (बांसवाड़ा)
12. **मंगलम सीमेंट लि.**, मोडक (कोटा)
13. **डी.एल.एफ. बिनानी सीमेंट**, दयालपुरा (पाली)
14. **इंडिया सीमेंट लि.**, नोखला वजवाना (बांसवाड़ा)
15. **अल्ट्राटेक सीमेंट लि.**, आदित्यपुरम (चित्तौड़गढ़)
16. **अल्ट्राटेक नाथद्वारा सीमेंट लि.**, सीमर (सिरोही)
17. **आदित्य सीमेंट लि.**, चित्तौड़गढ़
18. **ग्रासिम सीमेंट लि.**, कोटपूतली (राजस्थान में सर्वाधिक उत्पादन करने वाला कारखाना)
19. **NUVOCO VISTA CORP LTD**, (चित्तौड़गढ़)

चित्तौड़गढ़- "राज्य की सीमेंट नगरी"

- **चित्तौड़गढ़ में प्रमुख सीमेंट इकाइयाँ-**

1. **बिड़ला सीमेंट वर्क्स** (बिरला कॉर्पोरेशन लि.)
2. **चित्तौड़ सीमेंट वर्क्स**, चंदेरिया
3. **आदित्य सीमेंट वर्क्स लि.**, शंभुपुरा (1.50 मिलियन TPA, 1995)
4. **वंडर सीमेंट लि.**, निम्बाहेड़ा (6.75 मिलियन टन)
5. **जे.के. सीमेंट लि.**, निम्बाहेड़ा (4.5 मिलियन टन): **इकाइयाँ**- निम्बाहेड़ा, मांगरोल, गोटन
6. **जे.के. व्हाइट सीमेंट** – देश में सफेद सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

भविष्य में प्रस्तावित सीमेंट संयंत्र-

- **जैसलमेर और बाड़मेर** में लाइम स्टोन भंडारों के कारण **6 बड़े सीमेंट संयंत्र** प्रस्तावित।
- **खींवसर, तुलसीराम और परमार की ढाणी** में **90 लाख टन वार्षिक क्षमता** वाले वृहद सीमेंट कारखानों की योजना।
- **नागौर, बीकानेर, झुंझुनूं** में जिप्सम, लाइम स्टोन और लिग्नाइट भंडारों की उपलब्धता के कारण बड़े सीमेंट संयंत्रों की संभावनाएँ।

सीमेंट उद्योग का भौगोलिक वितरण-

- **राजस्थान में शुरुआत**- 1916 में **लाखेरी (बूंदी)** से।
- **सीमेंट पट्टी**- निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर तक विस्तारित।
- **अन्य प्रमुख क्षेत्र**- उदयपुर, नागौर, पाली, सिरोही।

राज्य में कुल इकाइयाँ-

- 24 बड़ी इकाइयाँ
- 5 मध्यम इकाइयाँ
- 130 छोटी इकाइयाँ

राष्ट्रीय स्तर पर स्थिति-

- **राजस्थान- "सीमेंट हब"**
- **देश के कुल उत्पादन का 16% राजस्थान में।**
- **राज्य में 90% पोर्टलैंड सीमेंट और 10% सफेद सीमेंट का निर्माण।**
- **राजस्थान का स्थान**- भारत में आंध्र प्रदेश के बाद दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक राज्य।

कांच उद्योग

- राजस्थान में कांच उद्योग के विकास की अत्यधिक संभावनाएँ हैं क्योंकि यहाँ कांच निर्माण के लिए आवश्यक कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

कांच निर्माण के लिए आवश्यक कच्चा माल

- **सिलिका सैंड** – जयपुर, बीकानेर, बूंदी, धौलपुर
- **सोडियम सल्फेट, सोडा मिट्टी, चूना पत्थर, शोरा, कोयला** – राज्य में विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध

राजस्थान में प्रमुख कांच उद्योग

1. **धौलपुर – कांच उद्योग का प्रमुख केंद्र**

- धौलपुर में कांच निर्माण के लिए श्रेष्ठ किस्म की बालू उपलब्ध है और यह परिवहन की दृष्टि से भी अनुकूल है। यहाँ प्रमुख कांच उद्योग हैं:

  1. धौलपुर ग्लास वर्क्स (निजी क्षेत्र) – उत्पादन क्षमता **1000 टन/वर्ष**

  2. दी हाईटेक प्रीसीजन ग्लास वर्क्स (सार्वजनिक क्षेत्र, 1964) यह दी गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत है।

- यहाँ पर बोतलें, बीकर्स, बॉयलर्स, कवर ग्लास, फ्लास्क आदि का निर्माण होता है।

2. **कोटा – सेमकोर ग्लास इंडस्ट्रीज**

- टी.वी. पिक्चर ट्यूब निर्माण

3. **भिवाड़ी – सेंट गोबेन ग्लास फैक्ट्री**

- फ्रांस की सेंट गोबेन ग्लास इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित
- 19 अगस्त, 2008 को करार, 25 अगस्त, 2010 को शिलान्यास

राजस्थान में कांच और सिरेमिक उद्योग का विस्तार

- **सीआईआई और भारतीय सिरेमिक संस्था (ICS) के सहयोग से** 'सेरा ग्लास इंडिया-2010'11-14 नवंबर, 2010, सीतापुरा, जयपुर
- 180 उत्पादकों/संस्थानों ने भाग लिया, 16 विदेशी कंपनियाँ शामिल
- राजस्थान में उत्पादित कांच और सिरेमिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली
- 2014 में 'रिवाइज्ड सिरेमिक प्रमोशन पॉलिसी' जारी
- बीकानेर और अजमेर को सिरेमिक हब के रूप में विकसित करने की योजना
- बीकानेर में सिरेमिक पार्क की स्थापना

अभ्यास प्रश्न

1. कौन-सा शहर राजस्थान का 'मैनचेस्टर' कहा जा सकता है?
(a) कोटा (b) पाली
(c) ब्यावर (d) भीलवाड़ा **[d]**

2. भीलवाड़ा को राजस्थान के .... के रूप में जाना जाता है।
(a) ज्यूरिख (b) मैनचेस्टर
(c) ऑक्सफोर्ड (d) डेट्रॉइट **[b]**

3. राजस्थान का सबसे प्राचीन संगठित उद्योग है?
(a) सीमेन्ट उद्योग (b) चीनी उद्योग
(c) सूती वस्त्र उद्योग (d) वनस्पति घी उद्योग **[c]**

4. राजस्थान स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स लि. का संयंत्र स्थित है-
(a) केवल गुलाबपुरा में
(b) भीलवाड़ा, ब्यावर, किशनगढ़ में
(c) भवानीमण्डी, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर में
(d) बाँसवाड़ा, मोरदी में **[a]**

5. राजस्थान स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल कहाँ स्थापित की गई है?
(a) अजमेर (b) ब्यावर
(c) भीलवाड़ा (d) भिवाड़ी **[c]**

6. कपड़े उद्योग की श्री गोपाल इंडस्ट्रीज व महालक्ष्मी मिल्स' क्रमशः राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जगह स्थित हैं-
(a) भीलवाड़ा - जयपुर (b) भीलवाड़ा - कोटा
(c) कोटा - ब्यावर (d) पाली - नागौर **[b]**

7. निम्नलिखित में से कौन-सा एग्रो फूड पार्क, रीको द्वारा विकसित नहीं किया गया है?
(a) बोरानाडा, जोधपुर (b) किशनगढ़, अजमेर
(c) रणपुर, कोटा (d) उद्योग विहार, श्रीगंगानगर**[c]**

8. राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (RIICO) ने निम्न में से किस जिले में एग्रोफूड पार्क विकसित किया है-
(a) चुरू (b) उदयपुर
(c) कोटा (d) जयपुर **[c]**

9. राजस्थान के अजमेर जिले में 1967 में हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की स्थापना में किस देश ने सहायता की थी?
(a) चीन (b) ब्रिटेन
(c) सं. रा. अमेरिका (d) चेकोस्लोवाकिया **[d]**

10. इनमें से हाथ से कागज निर्माण का कार्य कहाँ किया जाता है?
(a) बाड़मेर (b) बालोतरा
(c) सांगानेर (d) कैथून **[c]**

11. राजस्थान के किस जिले में इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित है?
(a) झालावाड़ (b) चित्तौड़गढ़
(c) बूँदी (d) कोटा **[d]**

12. राजस्थान में 'निर्यात-संवर्धन औद्योगिक उद्यान' किसकी सहायता से स्थापित किया?
(a) जापान (b) विश्व बैंक
(c) भारत सरकार (d) अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण **[a]**

13. राजस्थान में सफेद सीमेंट बनाने का पहला कारखाना 1984 में कहाँ स्थापित किया गया था?
(a) केकड़ी (अजमेर) (b) ब्यावर (अजमेर)
(c) रींगस (जयपुर) (d) गोटन (नागौर) **[d]**

14. उद्योग-स्थिति में कौन-सा सुमेलित नहीं है?
(a) हाईटेक ग्लास - धौलपुर
(b) सफेद सीमेण्ट - निम्बाहेड़ा
(c) टायर-ट्यूब - अलवर
(d) पॉलिमर - शाहपुरा **[d]**

15. श्रम ब्यूरो, शिमला, सितंबर-2020 से राजस्थान के किन केन्द्रों के लिए औद्योगिक श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष-2016) जारी करता है?
(a) अलवर, भीलवाड़ा, जयपुर
(b) अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा
(c) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर
(d) अलवर, अजमेर, जयपुर **[b]**

भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन 01

- हम दैनिक जीवन में हमारे आस-पास की वस्तुओं, सजीवों तथा हमारे शरीर में भी विभिन्न प्रकार के परिवर्तन देखते हैं।

पदार्थ के गुण

1. भौतिक गुण

- पदार्थ के आकार, आयतन, घनत्व एवं द्रव्यमान को पदार्थ के भौतिक गुणों में सम्मिलित किया जाता है।

2. रासायनिक गुण

- पदार्थ के अणुसूत्र, रासायनिक क्रियाएँ, अम्लता, क्षारकता इत्यादि को पदार्थ के रासायनिक गुणों में सम्मिलित किया गया है।

पदार्थ के गुणों में परिवर्तन:-

- वस्तुओं या पदार्थों में होने वाले परिवर्तन सामान्यतया दो प्रकार के होते हैं-
  1.भौतिक परिवर्तन (Physical Changes)
  2. रासायनिक परिवर्तन (Chemical Changes)

1. भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन

भौतिक परिवर्तन	रासायनिक परिवर्तन
पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन जैसे- गलन, क्वथन, सघनन आदि।	पदार्थ की अवस्था परिवर्तन हो सकती है लेकिन हमेशा नहीं।
नया पदार्थ नहीं बनता है।	नया पदार्थ बनता है।
अस्थायी	स्थायी है।
उत्क्रमणीय	अनुत्क्रमणीय है।
उदा.- धातुओं का पिघलना, काँच का टूटना, बल्ब का जलना व बुझना आदि।	उदा.- लकड़ी का जलना, दूध से दही बनना। लोहे पर जंग लगना।
भौतिक परिवर्तन के उदाहरण	**रासायनिक परिवर्तन के उदाहरण**
1. प्रिज्म से गुजरने पर श्वेत प्रकाश का सात रंगों में विभक्त होना।	1. ऊष्मा, प्रकाश अथवा किसी अन्य प्रकार के विकिरण (उदाहरण के लिए पराबैंगनी) का निर्मुक्त (बाहर निकलना) अथवा उनका अवशोषित होना।
2. गिली मिट्टी का सूखने पर भंगूर हो जाना।	2. ध्वनि का उत्पन्न होना।
3. गर्म करने पर प्लैटिनम तार का चमकना।	3. गंध में परिवर्तन होना अथवा किसी नई गंध का बनना।
4. कागज, लकड़ी के टुकड़े करना।	4. किण्वन द्वारा शराब का निर्माण।
5. पानी का अवस्था परिवर्तन करना जैसे जल से बर्फ, बर्फ से पानी, पानी से वाष्प, वाष्प से पानी आदि।	5. मैग्नीशियम के फीते का जलना।
6. शक्कर या चीनी का पानी में घुलना।	6. पटाखों का विस्फोट होना।
7. ऐल्युमिनियम के टुकड़े को पीटकर उसका पतला पत्र (फॉइल) बनाना।	7. भोजन-सामग्री का बासी हो जाना।
8. संघनन, आसवन, ऊर्ध्वपातन।	8. कोयले या ईंधन या लकड़ी का जलना।
9. चॉक के छोटे टुकड़े का चूर्ण बनाना।	9. द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन।
10. बल्ब का जलना।	10. लोहे पर जंग लगना।
11. स्प्रिंग की आकृति में बदलाव।	11. काटने के पश्चात् सेब का भूरे रंग में बदलना।
12. सोने, लोहे, कांच, मोम आदि का पिघलना।	12. दूध से दही बनना, दूध का फटना।
13. लोहे का चुम्बक में बदलना।	13. श्वसन क्रिया।
14. काँच का टूटना।	14. सब्जी का पकना, फलों का पकना।
15. क्रिस्टलीकरण	15. पत्तियों का खाद बनना।
16. किसी धातु की छड़ को गर्म करना।	16. मोमबत्ती व अगरबत्ती का जलना।
17. पदार्थों की अवस्थाओं में होने वाले परिवर्तन (गलन, हिमन, वाष्पीकरण, संघनन, ऊर्ध्वपातन)	17. पौधों द्वारा प्रकाश संश्लेषण।
18. शरबत या चाशनी बनाना, मोम का पिघलना एवं साँस लेना।	18. औषधि, प्लास्टिक व अपमार्जकों का बनाना भी रासायनिक परिवर्तन का परिणाम है।

नोट :-

- मोमबत्ती का जलना, भौतिक एवं रासायनिक दोनों परिवर्तन है।
- पदार्थों को चुंबकित करना, भौतिक परिवर्तन है।
- भोजन का पकना, रासायनिक परिवर्तन है।
- विद्युत बल्ब के फिलामेंट में विद्युत धारा आने पर चमकना, भौतिक परिवर्तन है।

अभ्यास प्रश्न

1. एक रासायनिक परिवर्तन के लिए निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है
(a) रंग परिवर्तन हो सकता है।
(b) एक गैस उत्सर्जित हो सकती है।
(c) ऊष्मा उत्पन्न हो सकती है परन्तु अवशोषित कभी भी नहीं होती है?
(d) ध्वनि उत्पन्न हो सकती है। **[c]**

2. निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक परिवर्तन की विशेषता <u>नहीं</u> हैं?
(a) परिवर्तन अस्थायी होता है।
(b) परिवर्तन करने वाले कारण को हटाने पर, यह प्रतिवर्तित हो जाता है।
(c) केवल पदार्थों के भौतिक गुणों में जैसे कि अवस्था, रंग, गंध इत्यादि में परिवर्तन होता है।
(d) नए पदार्थ का निर्माण होता है। **[d]**

3. निम्नलिखित में कौनसा एक भौतिक परिवर्तन है?
(a) श्वसन (b) मोम का पिघलना
(c) प्रकाश संश्लेषण (d) लोहे पर जंग लगना **[b]**

4. निम्नलिखित में से भौतिक परिवर्तन कौन-सा है?
(a) मोमबत्ती का जलना (b) बर्फ का पिघलना
(c) लोहे में जंग लगना (d) मैग्नीशियम रिबन का दहन **[b]**

5. एक बन्द निकाय में भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन के समय कौन-सा गुण अपरिवर्तित रहता है?
(a) कण का विन्यास (b) घनत्व
(c) आकार (d) द्रव्यमान **[d]**

6. कौन-सा रासायनिक परिवर्तन प्रस्तुत करता है –
(a) पारदिक ऑक्साइड की ऊष्णता
(b) आयोडीन का उदातीकरण
(c) अल्कोहल का वाष्पीभवन
(d) प्लेटिनम तार की ऊष्णता **[a]**

7. काटने के पश्चात सेब का भूरे रंग में बदलना उदाहरण है
(a) भौतिक परिवर्तन (b) जैविक परिवर्तन
(c) कोई परिवर्तन नहीं (d) रासायनिक परिवर्तन **[d]**

8. कौन सा रासायनिक परिवर्तन हैं?
(a) बीकर में जल उबालना
(b) केला छोलना
(c) ऐल्यूमिनियम पन्नी को काटकर उसके टुकड़े करना
(d) दूध से दही जमाना **[d]**

9. निम्नलिखित में से कौन सा भौतिक परिवर्तन में नहीं होता है?
(a) आकृति में परिवर्तन (b) रंग में परिवर्तन
(c) नए पदार्थों का बनना (d) घनत्व में परिवर्तन **[c]**

10. निम्नलिखित में से कौन सा एक भौतिक परिवर्तन नहीं है?
(a) जल का नमक में विलेय होना
(b) जल का क्वथनांक पर जल वाष्प का चनना
(c) बर्फ के गलनांक पर जल का बनना
(d) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन **[d]**

11. समुद्री जल से साधारण नमक किस विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है?
(a) आसवन द्वारा (b) वाष्पन द्वारा
(c) हिमीकरण द्वारा (d) विद्युत विश्लेषण द्वारा **[b]**

12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?
(a) अंगूर का किण्वित होना (b) फलों का पकना
(c) मोम का पिघलना (d) दूध से दही जमना **[c]**

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भौतिक परिवर्तन अनुत्क्रमणीय, जबकि रासायनिक परिवर्तन उत्क्रमणीय होते हैं।
2. जब रासायनिक परिवर्तन होता है, तो एक या एक से अधिक नए पदार्थ बनते हैं।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) उपर्युक्त दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[b]**

14. निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया यह निर्धारण करने मे मदद करती है, कि रासायनिक अभिक्रिया हुई है या नहीं?
(a) अवस्था में परिवर्तन (b) गैस का उत्सर्जन
(c) रंग बदलना (d) उपर्युक्त सभी **[d]**

15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
(a) लौहे में जंग लगना (b) मैग्नीशियम रिबन का दहन
(c) सब्जी को काटना (d) मेहँदी का रचना **[c]**

16. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?
(a) किसी धातु की छड़ को गर्म करना।
(b) मानव में श्वसन
(c) मानव में पाचन
(d) प्रकाश संश्लेषण **[a]**

17. चाशनी बनाना कौन-सी प्रक्रिया है?
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[a]**

18. 'काँच का टूटना' निम्नलिखित में से किस प्रकार का परिवर्तन है?
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) भौतिक और रासायनिक परिवर्तन दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[a]**

19. निम्नलिखित में से कौन-सा/से रासायनिक परिवर्तन का/के उदाहरण है/हैं?
1. नमक का क्रिस्टलन 2. संघनन
3. दुग्ध आस्कंदन
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-
(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[b]**

20. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
(a) दूध से दही बनना। (b) कागज का गीला होना।
(c) कागज का जलना। (d) कागज का गलना-सडना। **[b]**

♦ ♦ ♦ ♦

महत्तम समापवर्तक एवं लघुत्तम समापवर्त्य 01

लघुत्तम समापवर्त्य (LCM)

◈ जिस छोटी से छोटी संख्या को दी गई सभी संख्याएँ पूरा-पूरा विभाजित कर देती हैं उसे दी हुई संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य कहते हैं। जैसे 4, 6, 8 के समापवर्त्यों 24, 48, 72, 96..... इत्यादि में 24 सबसे छोटा समापवर्त्य है अत: 4,6,8 का लघुतम समापवर्त्य 24 हुआ।

◈ **दो संख्याओं के म.स. तथा ल.स. में संबंध** -
पहली संख्या × दूसरी संख्या = दोनों का म.स. × दोनों का ल.स.

1. गुणनखण्ड विधि -

◈ इस विधि में सर्वप्रथम दी हुई संख्याओं का अभाज्य गुणनखण्ड करके उन गुणनखण्डों को अधिकतम घात के रूप में लिखते हैं। अन्त में अधिकतम घात वाले गुणनखण्डों का आपस में गुणा कर देते हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफल अभीष्ट ल.स. होता है ; जैसे 8, 12, 20 का ल.स. ज्ञात करना–

दी हुई संख्याएँ	अभाज्य गुणनखण्ड	अधिकतम घात के रूप में गुणनखण्ड
8	2 × 2 × 2	2^3
12	2 × 2× 3	$2^2 \times 3^1$
20	2×2×5	$2^2 \times 5^1$
∴ ल.स.प.	$2^3 \times 3^1 \times 5^1$	8 × 3 × 5 = 120

2. भाग विधि-

◈ सर्वप्रथम दी हुई संख्याओं को क्रमश: एक पंक्ति में लिखकर बारी-बारी से 2,3,5.....से भाग देते हैं। जब किसी संख्या में भाग न जाए तब उसे ज्यों का त्यों लिख देते हैं। अगले क्रम में उसके भाजक से भाग देते हैं। जब सबका भागफल 1 प्राप्त हो जाए तब सभी भाजकों का आपस में गुणा कर लेते हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफल ही अभीष्ट ल.स. होता है जैसे 12, 15, 18 का ल.स. ज्ञात करना।

2	12,15,18
2	6,15,9
3	3,15,9
3	1,5,3
5	1,5,1
	1,1,1

अत: अभीष्ट ल.स. = 2×2×3×3 ×5 = 180

महत्तम समापवर्तक

◈ वह बड़ी से बड़ी संख्या जो दी हुई दो या दो से अधिक संख्याओं को पूरा-पूरा विभाजित कर दे, दी हुई संख्याओं की म.स. कहलाती है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि दी हुई संख्याओं को विभाजित करने वाली संख्याओं में जो सबसे बड़ी होती है उसे म.स. कहते हैं अर्थात् समापवर्तकों में जो सबसे बड़ा होता है वही म.स. होता है जैसे 12 तथा 18 के समापवर्तक 1,2,3,6 हैं अत: 12 तथा 18 का म.स. 6 होगा। इसी प्रकार 16, 24 तथा 32 के समापवर्तक 1,2,4,8 हैं अत: 16, 24 तथा 32 का म.स. 8 है।

महत्तम समापवर्तक ज्ञात करने की विधि

1. गुणनखण्ड विधि -

इस विधि में सर्वप्रथम दी हुई संख्याओं का बारी-बारी से अभाज्य गुणनखण्ड करते हैं तत्पश्चात् सर्वनिष्ठ गुणनखण्डों का आपस में गुणा करते हैं। इस प्रकार जो गुणनफल प्राप्त होता है वही म.स. होता है। जैसे 24, 32, 40 का म.स. ज्ञात करना –

24 = 2 × 2 × 2 × 3
32 = 2 × 2 × 2 × 2 × 2
40 = 2 × 2 × 2 × 5
म.स. = सर्वनिष्ठ गुणनखण्डों का गुणनफल = 2 × 2 × 2 = 8

2. भाग विधि -

इस विधि में दी गई संख्याओं को क्रमश: एक पंक्ति में लिखकर बारी-बारी से उन-उन संख्याओं से भाग देते हैं जिनके दी हुई सभी संख्याएँ एक साथ विभाजित हों। इस भाजकों को बायीं तरफ लिखते हैं। अन्त में इन भाजकों का आपस में गुणा करते हैं। इससे गुणनफल प्राप्त होता है, वही अभीष्ट म.स. होता है जैसे – 24, 32, 40 का म.स. ज्ञात करना।

2	24,32,40
2	12,16,20
2	6,8,10
	3,4,5

अत: म.स. = 2 × 2 × 2 = 8

लघुत्तम समापवर्त्य से साधारण प्रश्न -

1. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जो 18,21,24,27 से पूरी तरह विभाजित हो जाए-

व्याख्या:-

अभीष्ट संख्या = 18, 21, 24, 27 का ल.स.

2	18,21,24,27
2	9,21,12,27
2	9,21,6,27
2	9,21,3,27
2	3,7,1,9
2	1,7,1,3
2	1,7,1,1
	1,1,1,1

ल.स.प. = 2 × 2 × 2 × 3 × 3 × 3 × 7 = 1512

2. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें 36, 45, 63, 60 से पूरा-पूरा भाग जा सके-

व्याख्या:-

अभीष्ट संख्या = 36, 45, 63, 60 का ल.स.

2	36, 45, 63, 60
2	18, 45, 63, 15
3	9, 45, 63, 15
3	3, 15, 21, 5
5	1, 5, 7, 5
7	1, 1, 7, 1
	1, 1, 1, 1

ल.स.प. = 2 × 2 × 3 × 3 × 5 × 7 = 1260

महत्तम समापवर्तक से साधारण प्रश्न

1. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 24, 60 तथा 84 को पूरी-पूरी विभाजित करें-

व्याख्या:-

अभीष्ट संख्या = 24, 60, 84 का म. स.

2	24,60, 84
2	12,30, 42
2	6, 15, 21
	2, 5, 7

म.स.= 2×2×3 =12

2. एक कमरे की विमाएँ 18 मी., 12 मी. तथा 10 मी. है। बड़ा से बड़ा पैमाना ज्ञात कीजिए जिससे तीनों विमाएँ पूरी-पूरी नापी जा सके-

व्याख्या:-

अभीष्ट पैमाना = 18 मी., 12 मी., 10 मी. का म.स. = 2मी.

2	18, 12, 10
1	9, 6, 5

महत्तम समापवर्तक से शेष पर आधारित प्रश्न-

1. वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 134, 159, 184 में भाग देने पर प्रत्येक दशा में 9 शेष बचे-

व्याख्या:-

134 – 9 = 125

159 – 9 = 150

184 – 9 = 175

अत: अभीष्ट संख्या = 125, 150, 175 का

5	125, 150, 175
5	25, 30, 35
	5, 6, 7

म.स.= 5 × 5 = 25

2. एक माली के पास 76,151,226 की संख्या के तीन प्रकार के फूल हैं। वह इनसे अधिकतम संख्या के बराबर-बराबर ढेरियाँ बनाता है तो प्रत्येक प्रकार के फूलों से 1 फूल शेष रह जाता है। प्रत्येक ढेरी के फूलों की संख्या ज्ञात कीजिए–

व्याख्या:-

76 – 1 = 75

151 – 1 = 150

226 – 1 = 225

5	75, 150, 225
5	15, 30, 45
3	3, 6, 9
	1, 2, 3

अत: प्रत्येक ढेरी में फूलों की संख्या

= 75, 150, 225 का म.स. = 5 × 5 × 3 = 75

लघुत्तम समापवर्त्य के शेष पर आधारित प्रश्न

1. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें यदि 8,9,12 तथा 15 से भाग दिया जाए तो सदैव 1 शेष बचे।

व्याख्या:-

8, 9, 12, 15 का ल.स. = 360

अभीष्ट संख्या = 360 + 1 = 361

2. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें 4, 5, 6, 7, 8 से भाग देने पर 3, 4, 5, 6, 7 शेष बचे।

व्याख्या:-

4 – 3 = 1

5 – 4 = 1

6 – 5 = 1

7 – 6 = 1

8 – 7 = 1

चूँकि, 4, 5, 6, 7, 8 का

ल.स. = 840

अभीष्ट संख्या = 840 – 1 = 839

समापवर्त्यों पर आधारित विशेष प्रश्न-

1. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है, जिसमें 8, 10, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 5 शेष बचे, परन्तु 13 से भाग देने पर कुछ भी शेष न बचे?

व्याख्या:-

2	8, 10, 12
2	4, 5, 6
2	2, 5, 3
3	1, 5, 3
5	1, 5, 1
	1, 1, 1

अत: 8, 10, 12 का ल.स. = 2 × 2 × 2 × 3 × 5 = 120

अब माना अभीष्ट संख्या = 120K + 5 = 13× 9K + 3K + 5

= 13 × 9K + (3K +5)

यहाँ K का मान ढूँढ़ना है कि (3K+5), 13 से विभाजित हो जाए।

∴ यदि K = 7 रखा जाए तो 3K + 5 = 3 × 7 + 5 = 21 + 5 = 26, जो 13 से भाज्य है।

∴ अभीष्ट संख्या = 120 K + 5

= 120 × 7 + 5 = 840 + 5 = 845

2. एक माली के पास फूलों के कुछ पौधे हैं। जब वह 4,6,8 या 12 फूलों के ढेर बनाता है तो प्रत्येक दशा में 2 फूल बच जाते हैं, परन्तु 14 फूलों की ढेर बनाता है तो एक भी फूल नहीं बचता है। ज्ञात कीजिए माली के पास कुल कितने फूल हैं?

व्याख्या:-

4, 6, 8, 12 का ल.स. = 24

अब माना फूलों की संख्या = 24K + 2

= 14 × 1K + 10K + 2 = 14 × K + (10K +2)

यदि K = 4 रखा जाए तो 10K + 2 = 10×4+2 = 40 +2

= 42 जो 14 से भाज्य है।

अभीष्ट फूलों की संख्या = 24K + 2

= 24 × 4 + 2 = 96 + 2 = 98

विज्ञापन

सफलता की चाबी
राजस्थान परीक्षा हेतु PYQ's सीरीज़

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में,
अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।



Scan to Download
Lakshya App Now

Google play

व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP : ₹ 449

S.No. AP0072 CODE : APDO(35) NRT

राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur